Printed Pages – 4

IN-05

B.A. (Part-I) Supplementary/Special, Examination, 2021

HINDI LITERATURE

Paper - II

(हिन्दी कथा साहित्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक उसके सामने प्रदर्शित हैं।

Q. 1. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **7×3=21**

(अ) इजलास पर जज साहब के एक तरफ़ अहलमद था और दूसरी तरफ़ पुलिस के कई कर्मचारी खड़े थे। सामने कठघरे के बाहर दोनों तरफ़ के वकील खड़े मुकदमा पेश होने का इंतजार कर रहे थे। मुलजिमों की संख्या पंद्रह से कम न थी। सब कठघरे के बगल में ज़मीन पर बैठे हुए थे। सभी के हाथों में हथकड़ियाँ थीं, पैरों में बेड़ियाँ। कोई लेटा था, कोई बैठा था, कोई आपस में बातें कर रहा था। दो पंजे लड़ा रहे थे। दो में किसी विषय पर बहस हो रही थी। सभी प्रसन्न-चित्त थे। घबराहट,

निराशा या शोक का किसी के चेहरे पर चिह्न भी न था।

अथवा

हाँ, मैं समझता हूँ। निर्धन रहकर जीना मरने से भी बदतर है। मैं अगर किसी देवता को पकड़ पाऊँ तो बिना काफ़ी रुपये लिये न मानूँ। मैं सोने की दिवार नहीं खड़ी करना चाहता, न राकफेलर और कारनेगी बनने की मेरी इच्छा है। मैं केवल इतना धन चाहता हूँ कि ज़रूरत की मामूली चीजों के लिए तरसना न पड़े।

(ब) मानू फूट-फूट कर रो रही थी। मैं बण्डल को खोलकर देखने लगा– ऐसा कारीगरी, ऐसी बारीकी, रंगीन सुतलियों के फन्दों का ऐसा काम पहली बार देख रहा था।

अथवा

विश्वास ? कदापि नहीं, बुद्धगुप्त। जब मैं अपने हृदय पर विश्वास नहीं कर सकी, उसी ने धोखा दिया, तब मैं कैसे कहूँ ! मैं तुमसे घृणा करती हूँ, फिर भी तुम्हारे लिए मर सकती हूँ।

(स) दोनों इस वक्त शान से बैठे हुए पूरियाँ खा रहे थे। जैसे जंगल में कोई शेर शिकार उड़ा रहा हो। न जवाबदेही का शौक था, न बदनामी की फ़िक्र। उन भावनाओं को उन्होंने बहुत पहले ही जीत लिया था।

अथवा

दीवान ने कहा - 'जानता हूँ, दरोगाजी तो मेल-मुलाकात मानते हैं, पर किसी ने बड़े दरोगा जी के पास शिकायत पहुँचाई है, दरोगाजी को आना ही पड़ेगा। इसी से उन्होंने कहला भेजा है कि भीड़ छाँट दो। वरना कानूनी कार्रवाई करनी ही पड़ेगी।

Q. 2. 'गबन' उपन्यास के माध्यम से प्रेमचन्द ने क्या संदेश देने का प्रयास किया है ? स्पष्ट करें। **12**

अथवा

उपन्यास कला की कसौटी पर गबन उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

Q. 3. हिन्दी कहानी के विकास पर निबंध लिखिए। **12**

अथवा

कहानी के तत्वों के आधार पर कफ़न कहानी की विवेचना कीजिए।

Q. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए : **5×3=15**

(अ) हिन्दी उपन्यास के विकास में प्रेमचन्द का योगदान

(ब) गबन उपन्यास के नारी पात्रों का परिचय

(स) परदा कहानी का मूल उद्देश्य

(द) घीसू का चरित्र-चित्रण

(य) मलबे का मालिक कहानी के उद्देश्य

Q. 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों का अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए : **1×15=15**

(i) ठेस कहानी के नायक का नाम लिखिए।

(ii) चौधरी पीरबख्श किस कहानी के पात्र हैं ?

(iii) प्रेमचन्द का जन्म कब हुआ था ?

(iv) गबन का प्रकाशन वर्ष बताइए।

(v) शिवानी का जन्म कहाँ हुआ था।

(vi) उपेन्द्रनाथ अश्क के किसी एक कथा संकलन का नाम बताइए।

(vii) 'आन्ध्र भारती' के लेखक का नाम लिखिए।

(viii) 'परदा' कहानी के कहानीकार का नाम बताइए।

(ix) 'हिन्दी कथा साहित्य' के संपादक का नाम लिखिए।

(x) राजेन्द्र यादव की किसी एक कहानी का नाम बताइए।

(xi) गबन उपन्यास के स्त्री पात्र का नाम लिखिए।

(xii) माधव किस कहानी का पात्र है ?

(xiii) उपन्यास में कितने तत्व होते हैं ?

(xiv) 'गबन' उपन्यास की 'जालपा' किसकी बेटी है ?

(xv) 'जली हुई रस्सी' के कहानीकार का नाम लिखिए।

(xvi) चम्पा किसी कहानी की नायिका है ?

(xvii) 'चिक' का संबंध किसी कहानी से है ?

(xviii) गबन किस प्रकार का उपन्यास है ?

(xix) हिन्दी के सबसे पहले उपन्यासकार कौन थे ?

(xx) हिन्दी की पहली कहानी आप किसे मानते हैं ?